हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

A Project By
AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
SINCE 1994...

RERA No : PCGRERA230126002033

Vijaya श्री Heritage

62 Premium
APARTMENTS
3 & 4 BHK Premium Apartments

EXCEPTIONAL LUXURY IS ALL
YOURS AT JUST 1% MONTHLY EMI.

1% PAY MONTHLY EMI
0% Interest
WITH JUST 25%
(10%+15% Plinth Level)
BOOKING AMOUNT

* T&C Apply

• Grand Entrance • Elite Clubhouse • Open Terrace Garden • In-house Gymnasium



SCAN THIS QR FOR DETAILED BROCHURE

Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur (C.G.)

A NEW ERA OF PROSPERITY,
PROGRESS & POWER BEGINS NOW



BALAJI
ARPA COMPLEX

IDEAL COMMERCIAL SPACES FOR:
• Corporate Offices
• Hospital & Clinics
• Coaching Institutes
• Service Centres
• Banks • Super Market
• Hotels & Restaurants

RERA NO.: PCGRERA260224001735 | Site Address: Guruvihar, Kapil Nagar, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Corporate Address: Infront of Chhattisgarh Bhawan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
CALL NOW:
9826533344, 9300321527

खबर संक्षेप

विभागीय परीक्षा के लिए कर्मचारियों की सूची भेजने के निर्देश

अम्बिकापुर। सरगुजा संभाग में जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली विभागीय परीक्षा के संबंध में सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया गया है। आयुक्त, सरगुजा संभाग कार्यालय ने संभाग के सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर अपने-अपने जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विभागीय परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 28 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आयुक्त कार्यालय को भेजनी होगी। परीक्षार्थियों को कार्यालय में सीधे आवेदन प्रस्तुत करने के बजाए निर्धारित उचित माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

विधायक ने मैनपाट के माझी बस्ती बंदना घुटरापारा को लिया गोद

मैनपाट। विधायक रामकुमार टोप्पो ने मैनपाट विकासखंड एवं भाजपा मंडल राजापुर अंतर्गत ग्राम बंदना के घुटरापारा स्थित माझी बस्ती को गोद लेने की घोषणा की है। विधायक ने आश्वस्त किया कि घुटरापारा माझी बस्ती को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने बस्ती में पहुंचकर माझी समाज के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। बस्ती की मौजूदा स्थिति, मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त चुनौतियों से अवगत होने के बाद उन्होंने बस्ती के समग्र विकास की जिम्मेदारी लेते हुए इसे गोद लेने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि कई पीढ़ियां बीत जाने के बावजूद उनकी बस्ती की समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि घुटरापारा माझी बस्ती के युवा साथियों, माताओं-बहनों और वरिष्ठजनों का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे अपनी समस्याओं से अवगत कराया। हमारा प्रयास रहेगा कि बस्ती में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाए और यहां के लोगों को बेहतर जीवनयापन के अवसर मिलें। बंदना के घुटरापारा माझी बस्ती को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल राजापुर के विक्की सोनी, जागे राम अगरिया, जीवन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



दसई कर्मा प्रतियोगिता में 13 करमा दलों ने लिया भाग



पोड़ीमोड़। गोटगांव में करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम करम डार का विधि विधान से बैगा द्वारा पूजा अर्चना की गई साथ ही वाद्य यंत्र मांदर का भी पूजा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा कि करमा हमारी संस्कृति है। गांव के लोग इस त्यौहार को बड़े धूमधाम के साथ मानते हैं लेकिन अब धीरे-धीरे करमा विलुप्त होने की स्थिति हो रही है। इसे बचाए रखना हम सभी आदिवासियों की जिम्मेदारी है इसलिए समय-समय पर इसका आयोजन होते रहना चाहिए। प्रतियोगिता में 13 करमा दलों ने भाग लिया जिसमें पहला पुरस्कार 7 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार तथा तीसरा पुरस्कार 3 हजार रुपये और चौथा पुरस्कार 1 हजार रुपये रहा। जिसमें पहला स्थान मटीगढा, दूसरा स्थान बगड़ा, तीसरा स्थान सुखदेवपुर, और चौथा स्थान खोरमा रहा। इस दौरान त्रिभुवन सिंह टेकाम, जितेन्द्र दुबे, अमर बहादुर सिंह, राजू सिंह आयाम, दिलभरन सिंह, प्यारेलाल नागवंशी, मुकेश गर्ग, मीना शंभू मरावी, ममता सिंह, मनमाती पंडों, प्रदीप सिंह मरावी, सुमंत प्रजापति, शंभू नाथ मरावी, सातेन सिंह श्याम, सोहर साय पैकरा, इन्द्रपाल चेरवा, अपोलो कुजूर, डॉ. महंत लाल सोनवानी, निशा सोनपाकर, प्रतिमा सिंह मरावी, चंद्रिका प्रसाद आयाम, देवचंद पंडो, रामचंद्र मांझी, दयाशंकर कुशरो, अंजली सिंह आयाम, जीतन सोनहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंग्रेजी शराब दुकान के पास से कॉलरीकर्मी की बाइक व हेलमेट हुआ चोरी, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। नगर पंचायत शिवनंदनपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान के पास खड़ी एसईसीएल कर्मी की पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल और हेलमेट को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार ग्राम कोरया निवासी अजय सिंह पिता अनिल कुमार सिंह वर्तमान में ग्राम गेतरा में रहकर एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में कार्यरत हैं। गत दिनों 9 अक्टूबर को वह अपनी पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईबी 1697 से शिवनंदनपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान पहुंचा था। शाम करीब पांच बजे उन्होंने दुकान के पास तालाब किनारे मोटरसाइकिल खड़ी की और हेलमेट बाइक पर रख दिया,इसके बाद वह वहीं सो गए। रात करीब 8 बजे नींद खुलने पर मौके से मोटरसाइकिल और हेलमेट दोनों गायब मिले,आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला,पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मंत्री नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद निर्माण में लापरवाही का आरोप

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की बदहाली पर फूटा लोगों का गुस्सा, नगरवासियों ने किया चक्काजाम



चक्काजाम करते क्षेत्रवासी।



कलेक्टर से फोन पर चर्चा करते नपा अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य में कथित लापरवाही और धीमी गति से काम किए जाने को लेकर शुक्रवार को नगरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। मंत्री रामविचार नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद सड़क निर्माण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने से नाराज क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित हुआ। कलेक्टर से नगर पालिका अध्यक्ष की बातचीत के बाद करीब आधे घंटे में चक्का जाम समाप्त किया गया।

खास बातें

- सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें
- कलेक्टर से बातचीत के बाद समाप्त हुआ चक्का जाम

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही और लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर आज क्षेत्रवासी और जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में एनएच 343 पर चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान नगर वासियों ने सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा हर रोज लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित प्रदर्शन में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। सड़क पर धूल का गुबार उड़ता रहता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर मिट्टी डालने से धूल की समस्या और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए तो धूल से होने वाली परेशानी को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क के एलाइनमेंट को दुरुस्त नहीं किए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किया जा रहा है, वहीं बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम भी लापरवाही के साथ किया जा रहा है। इन समस्याओं के कारण सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और आम लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कलेक्टर से बातचीत की जिसके बाद चक्का जाम समाप्त हुआ और आवागमन बहाल हो सका। प्रदर्शनकारियों ने सड़क निर्माण में तेजी लाने, नियमित पानी का छिड़काव करने, एलाइनमेंट सुधारने, बिजली के खंभों की शिफ्टिंग व्यवस्थित ढंग से कराने तथा नाली निर्माण के बाद रास्तों को सुचारु बनाने की मांग की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, बीडी लाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सिद्धांत यादव, अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नाली निर्माण में भी अनदेखी का आरोप

नगरवासियों ने नाली निर्माण कार्य में भी लापरवाही बरते जाने की बात कही। लोगों का कहना है कि नाली निर्माण के दौरान पानी का उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं, नाली का स्तर ऊंचा हो जाने के कारण कई स्थानों पर लोगों के घरों और अन्य रास्तों से आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो रही है। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक नाली निर्माण के बाद जहां नाली के किनारे मिट्टी भरकर रास्ते को सुचारु रखना जरूरी है, वहां भी अपेक्षित काम नहीं किया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों तक आने-जाने में परेशानी हो रही है।

निर्देशों के बाद भी सुधार नहीं होने से नाराजगी

नगर वासियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 का निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान बुनियादी व्यवस्था की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। मंत्री रामविचार नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी यदि निर्माण कार्य में लापरवाही जारी रहती है, तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है।



लव जिहाद को लेकर विहिप एवं बजरंग दल ने घेरा थाना, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

आदिवासी युवक के साथ प्रेम विवाह के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रेम विवाह को लव जिहाद बताते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समेत कंवर समाज एवं सर्व हिंदू समाज ने इस घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन करते हुए पहले नेशनल हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने एनएच जाम करने के साथ ही थाने का घेराव किया। पुलिस प्रशासन ने समझाइश के बाद दो घंटे उपरान्त चक्का जाम और आंदोलन समाप्त कराया।

■ कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना प्रदर्शन हुआ खत्म

मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पहले नगर सैनिक के पद पर पदस्थ ग्राम बालमपुर निवासी कंवर समाज की आदिवासी युवती एवं महेशपुर निवासी मुस्लिम युवक ने परिवार की रजामंदी के बिना प्रेमविवाह कर लिया था। इस मामले में युवती के परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घरवालों की आपत्ति के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए युवती को थाने बुलाया था। इस दौरान युवती के घरवालों ने समाज एवं लोक लाज का भय दिखाकर युवती को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन युवती ने उनकी एक नही सुनी और अपनी मर्जी से शादी करने की बात कह युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। घरवालों के काफी समझाने के बाद भी जब कोई असर नही हुआ तब पुलिस ने थाने में युवती का बयान दर्ज करते हुए मजिस्ट्रेटियल बयान कराने के बाद उसकी इच्छानुसार उसे जाने दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद घरवालों ने एक बार फिर उसे समझाते हुए साथ घर चलने को बोला पर युवती ने साफ इंकार कर दिया। अब इस मामले को लव जिहाद का मामला बताते हुए बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत कंवर समाज एवं सर्व हिंदू समाज रैली की शक्ल में थाने पहुंचे नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारी कुछ देर चक्काजाम करने के बाद थाने का घेराव कर दिया और युवक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से ऐसी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है और पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सूचना पर एसडीओपी टीएस पट्टावी एवं थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल प्रदर्शनकारियों को समझाइश और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वसन दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने ढाई घंटे तक चले चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन को समाप्त किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि युवती के घरवाले एवं प्रदर्शनकारियों के कहना है कि युवती को एक बार थाने बुलाया जाये ताकि घरवाले उससे बातचीत कर लिखित रूप से उसका पक्ष जान सके। इस संबंध में युवती को सूचित किया जायेगा अगर वो आने को राजी हुए तो घरवालों को खबर दे दी जायेगी।

आरटीआई कार्यकर्ता सोनी को मिला भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान



अंबिकापुर। आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में इंटरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा आयोजित भव्य समारोह में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत के करकमलों से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि तीरथ सिंह रावत ने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को एक मंच पर सम्मानित करना प्रेरणादायक पहल है। ऐसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने, अपने लक्ष्य हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तनवीर जफर अली ने की। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है। एक्स नई दिल्ली की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. स्वर्णलता पांचाल ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभा सम्मान की हकदार है। किसी व्यक्ति के समर्पण और उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर पहचान मिलने से उसका मनोबल बढ़ता है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डी.के. सोनी को मिला यह सम्मान उनके लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने, सूचना के अधिकार के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए नागरिकों के हितों से जुड़े विषयों पर काम करने वाले लोगों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कथित वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस की पदयात्रा एवं प्रदर्शन

डोमनहिल। देश में कथित वोट चोरी, मतदाता सूची से लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोप तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के विरोध में आज शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी द्वारा पदयात्रा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह पदयात्रा बड़ा बाजार स्थित दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया।

पुलिस अधीक्षक और सुशासन तिहार शिविर में दर्ज कराई है शिकायत

शहीद रमाशंकर सिंह के माता-पिता बदहाली में जीने को मजबूर, घर से बेदखल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमदला के शहीद रमाशंकर सिंह के माता-पिता आज आर्थिक तंगी और पारिवारिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। शहीद के माता-पिता और भाई ने उनकी पत्नी मस्तूरी सिंह पैकरा पर परिवार की देखभाल नहीं करने और माता-पिता को घर से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजन ने मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और सुशासन तिहार शिविर में शिकायत दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार शहीद रमाशंकर सिंह के बलिदान के बाद शासन की ओर से मुआवजा राशि प्रदान की गई थी। इसके साथ ही शहीद की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति भी मिली। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि उस समय परिवार के भरण-पोषण और माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की बात कही गई थी, लेकिन कुछ समय बाद शहीद की पत्नी ने परिवार से दूरी बना ली। परिजन का दावा है कि इसके चलते शहीद के माता-पिता और भाई को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का कहना है कि जिस बेटे ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, आज उसी के माता-पिता को जीवन यापन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। परिजन ने आरोप लगाया कि उन्हें अपने ही घर से बेदखल कर दिया गया, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।



न्याय और प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग

शहीद के माता-पिता और भाई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी स्थिति की जांच करें और यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए। परिजन ने पुलिस अधीक्षक और जन समस्या निवारण शिविर पर शिकायत कर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

लड़की पक्ष के लोगों ने शादी करने से किया इनकार तो युवक ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। लड़की पक्ष द्वारा शादी करने से इंकार करने से क्षुब्ध हुए युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोखनिया ऊपरपारा निवासी कमलेश आ. रामसागर (20 वर्ष) ग्राम परसवार निवासी एक युवती से पहचान होने पर पिछले दो साल से युवती के घर आना जाना कर रहा था और दोनों एक दूसरे को पसंद कर रहे थे। इसी बीच 21 अक्टूबर को कमलेश युवती के घर बाइक से गया था। दूसरे दिन दोपहर को युवक ने कीटनाशक पी लिया। युवक के कीटनाशक पी लेने पर युवती के पड़ोसी दुर्गावती ने फोन कर पिता को बताया कि कमलेश जहर पी लिया है। सूचना पर पिता तत्काल पुत्र के पास जाने लगा तभी रास्ते में युवती की दादी और एक युवक कमलेश को लेकर अस्पताल जा रहे थे। पुत्र की हालत गंभीर देख पिता सहित अन्य लोगों ने तत्काल युवक को रेवतपुर अस्पताल लेकर गए लेकिन अस्पताल में किसी के नहीं होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर मृतक के पिता रामसागर ने पुलिस को बताया कि कमलेश पिछले दो साल से युवती के घर जाया करता था और दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे लेकिन लड़की के नाबालिग होने पर शादी नहीं किए थे। इसी बीच लड़की के परिवार वालों ने युवक के शराब पीने पर लड़की की शादी करने से इंकार कर दिया। पिता ने अंदेशा जाहिर किया है कि शादी से इंकार करने पर कमलेश ने जहर पी लिया। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करन पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

राज्योत्सव आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक 26 को

अम्बिकापुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी के संबंध में 26 अक्टूबर-2026 को समय-सीमा बैठक के पश्चात जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

पृष्ठ 3 का शेष

दुर्घटनास्थल पहुंचे स्वास्थ्य...

अपनों को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। यह परिवारों के लिए अत्यंत कठिन समय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन और प्रशासन इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं तथा जरूरत के अनुसार हरसंभव सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोगरे, एसडीएम शशि शेखर मिश्रा, श्रीमती इंदिरा मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरज मौर्य, पूर्व जनपद सदस्य दृगपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएचसी के लिए नई एंबुलेंस की घोषणा- दुर्घटना के बाद क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तीन सड़कों के मुरमीकरण कार्य को स्वीकृत कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही केल्हारी से लगभग 25 किमी दूर स्थित बिहारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए नई एंबुलेंस उपलब्ध कराने की घोषणा की। नई एंबुलेंस की उपलब्धता से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर अस्पताल पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी। सड़क सुधार और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता...

पहले मुकाबले में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर ने शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर को हराया। दूसरे मुकाबले में रेवती रमण मिश्र पीजी कॉलेज सूरजपुर ने शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर को पराजित किया। लीग प्रारूप के तहत प्रत्येक टीम को अन्य तीन टीमों के साथ एक-एक मुकाबला खेलना था। रामानुज महाविद्यालय बैकुण्ठपुर ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

निर्णायक मंडल एवं आयोजन समिति की रही भूमिका- प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बिजेन्द्र मानिकपुरी, राहुल नीरज, चंदन सिंह पटेल एवं रोहित भगत शामिल रहे। मैच रेफरी के रूप में मो. मिराज, आशीष चिकनजुरी एवं राजधानी यादव ने जिम्मेदारी निभाई। आयोजन समिति की संयोजक प्रो. अनुरंजन कुजूर के साथ डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय, जयश्री प्रजापति एवं ईप्शा अरुण ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में राजकुमार राजवाड़े सहित खेल से जुड़े विद्यार्थी तौफिक, अनुज, रहीम, आयुष कश्यप, मोनिका, कल्पलता एवं अकासन तिग्गा सक्रिय रहे। विजेता रामानुज महाविद्यालय बैकुंठपुर की टीम में प्रतिभा राजवाड़े, महिमा, अभिलाषा, निशा, खुशबू राजवाड़े, शीलम, निर्मला, शालू, भुवनेश्वरी एवं लक्ष्मी रजक ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने विजेता टीम सहित सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

सुदूर वनांचल में...

मध्यान्ह भोजन में लापरवाही की शिकायत पर जांच- ग्राम आनंदपुर में ग्रामीणों ने स्कूल के मध्यान्ह भोजन संचालन में स्वसहायता समूह द्वारा लापरवाही बरते जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिकायत की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित स्वसहायता समूह के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। आनंदपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र में कलेक्टर ने उपचार सहित उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी को संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में पानी की समस्या सामने आने पर उन्होंने क्रेडा के अधिकारी को मौके पर बुलाकर सोलर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गांव की उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न के भंडारण और वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने संचालक को चावल, शक्कर सहित निर्धारित सामग्री का समय पर वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

राशि नहीं मिलने की समस्या रखी- गोयनी में कलेक्टर ने ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर विस्तार से बातचीत की। ग्रामीणों ने जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र बनवाने में होने वाली परेशानियां बताईं। कुछ महिलाओं ने महतारी वंदन योजना की राशि नहीं मिलने की जानकारी भी दी। राजस्व तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित ग्रामीणों और महिलाओं को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा ई-केवाईसी कराने की सलाह दी। कलेक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आगामी नवंबर माह के अंतिम सप्ताह अथवा दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में गांव में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें उनकी समस्याओं के समाधान की कार्यवाही की जाएगी।

व्यवस्थाओं पर भी रखें नजर- कलेक्टर ने ग्रामीणों और पंच-सरपंचों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की वास्तविक स्थिति और व्यवस्थाओं पर गंभीरता से नजर रखने को भी कहा। ग्राम पंचायत सचिव और पटवारी को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ नियमानुसार कार्य करें।

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 तेंदू पेड़ की छांव में लगी चौपाल



खबर संक्षेप

छात्रा ने जहर पीकर की आत्महत्या

अम्बिकापुर। परिजन को बिना बताए पिछले छह दिन से सहेली के घर रह रही छात्रा ने परिजन के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। परिजन छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डकवा सड़कपारा निवासी स्नेहा मिंज आ. बीरचंद मिंज (15 वर्ष) कक्षा 9वीं की छात्रा थी। 1 अक्टूबर को घर पर थी तभी गांव के ही रीना और मनीषा उसके घर आए और स्नेहा को बधिमा बाजार घूमने जाने की बात कही। तीना शाम को बाजार चले गए जिसके बाद स्नेहा घर नहीं आई। 7 अक्टूबर की दोपहर स्नेहा की छोटी बहन चांदनी मिंज पिता को बताई कि स्नेहा ढोढ़ीपारा रोड के पास कुछ दवा खा ली है और उल्टी कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कीटनाशक का गंध जाने पर तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच पूछताछ में छात्रा ने बताई कि वह खैरबार निवासी सहेली के घर में थी और परिवार वालों के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। निजी अस्पताल में लंबे समय तक इलाज चलने के बाद बीती रात छात्रा की मौत हो गई।

मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अम्बिकापुर। रघुनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री की मजदूर कॉलोनी में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिहार के जिला सिवान अंतर्गत ग्राम भेखपूर्वा निवासी अभिमन्यु शाह आ. संपत शाह (22 वर्ष) मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री में हेल्पर के पद पर काम करता था और फैक्ट्री परिसर में स्थित मजदूर कॉलोनी के एक कमरे में रहता था। 21 अक्टूबर को अभिमन्यु ने दोपहर करीब एक बजे तक ड्यूटी की। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। दोपहर 2 बजे से उसकी दोबारा ड्यूटी थी, लेकिन वह काम पर नहीं पहुंचा। शाम करीब 5 बजे उसके साथ काम करने वाला एक व्यक्ति उसे देखने कमरे पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने इसकी सूचना फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों को दी। इसके बाद कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर अभिमन्यु गमछे के सहारे फांसी पर लटका मिला। उसे नीचे उतारकर तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मिट्टी से टकराकर दो बाइक सवार हुए घायल

बिश्रामपुर। एनएच 43 पर ग्राम केशवनगर में गैस पाइपलाइन बिछाने के दौरान बरती गई कथित लापरवाही से बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए। केशवनगर ढोढ़ी के पास सड़क पर रखे मिट्टी के ढेर से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े जिस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को पहले जिला अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने विचित्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम सायर निवासी प्रदीप सोनवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 अक्टूबर की शाम करीब 6.50 बजे उनका छोटा भाई बृज कुमार उर्फ रंगु अपने दोस्त कन्हैया लाल के साथ मोटरसाइकिल से सूरजपुर से घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम पंचायत केशवनगर में ढोढ़ी के पास एनएच 43 पर गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई से निकली मिट्टी सड़क पर पड़ी थी, मोटरसाइकिल उस पर चढ़ गई, जिससे दोनों युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े।

बस हादसे में मृत यात्रियों के घर-घर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

दुर्घटनास्थल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, सड़क मुरमीकरण और नई एंबुलेंस की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के मनेन्द्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास हुए दर्दनाक बस हादसे में छह यात्रियों की मृत्यु से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के घर-घर जाकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजन से मुलाकात कर इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख जताया।

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने हादसे में जान गंवाने वाले छह यात्रियों के परिजन से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मृतकों में ग्राम रोझी पवई बहरा के पंचराम उम्र 65 वर्ष, मधु एवं पूर्णिमा उर्फ नेहा, ग्राम कछौड़ गुडरूपारा की संगीता, ग्राम मनवारी के सिपाहीलाल तथा केवटी भालूडांड की सुकारो शामिल हैं। मंत्री ने सभी मृतकों के परिजन को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अतिरिक्त ग्राम रोझी निवासी सुक्रीता पति अमरसाय को भी 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक यात्री के परिवार को 5-5 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। इस सहायता से प्रभावित परिवारों को कठिन समय में आर्थिक संबल मिल सकेगा। मृतकों के घर पहुंचकर परिजन से मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने उन्हें पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने तथा शासन की ओर से हरसंभव सहयोग का संदेश देने के लिए कहा है। मंत्री ने शोकाकुल परिजन को सांत्वना देते हुए कहा कि ⏭ शेष पेज 2 पर





दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पहाड़हंसवाही के पास बस दुर्घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने दुर्घटना से प्रभावित क्षेत्र का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से हादसे से जुड़ी परिस्थितियों की जानकारी ली। इस दौरान सड़क की स्थिति और भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता बरतने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

हादसे के बाद हटाए गए जिला परिवहन अधिकारी, रायपुर अटैच

बैकुण्ठपुर। एमसीबी जिले में बीते दिनों घटित गंभीर सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी एवं कई लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद जिला परिवहन अधिकारी जिला परिवहन कार्यालय कोरिया को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया उन्हें कार्यालय परिवहन आयुक्त नवा रायपुर में आगामी आदेश पर्यंत तक पदस्थ किया गया। इस संबंध में संयुक्त परिवहन आयुक्त रोहित कुमार झा ने आदेश जारी कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला परिवहन कार्यालय कोरिया अमित कश्यप को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से कार्यालय परिवहन आयुक्त नवा रायपुर में पदस्थ करने का आदेश जारी किया। बताया जाता है कि एमसीबी में घटित गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने परिवहन आयुक्त से चर्चा की थी इसके बाद संयुक्त परिवहन आयुक्त रायपुर ने कोरिया जिले के आरटीओं अधिकारी को रायपुर कार्यालय में संलग्न करने का आदेश जारी किया। विदित हो कि बीते 22 अक्टूबर को मनेंद्रगढ़ से जनकपुर जा रही एक यात्री बस केल्हारी थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर एक पेड़ से तेज रफ्तार से टकरा गई थी। इस घटना में वाहन चालक, मालिक सहित कुल 6 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 30 यात्री घायल हो गए थे।

बस हादसे के बाद आरटीओं की कार्रवाई

एमसीबी जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र में 22 अक्टूबर को घटित गंभीर सड़क हादसे के बाद परिहवन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा एमसीबी जिले में बसों की जांच अभियान शुरू किया। इस दिन परिवहन उड़नदस्ता दल ने तीन बसों को जब्त किया वही चार बसों के विरूद्ध चालानी कार्यवाई की। वहीं परिहन अधिकारी ने निर्देश दिए कि बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए और वैध कागजात अपडेड रखे नियमों का उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।

कोरिया में भी यात्री बसों की जांच हो-

कोरिया जिले में भी कई यात्री बसें नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे है। ऐसे में कभी कोई दुर्घटना होती है तो यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती है। जिले में संचालित यात्री बसों के फिटनेस सहित तकनीकी जांच के साथ सुरक्षा मानकों की जांच की जानी जरूरी है। जिले में चल रहे कई वर्ष पुराने वाहन संचालित हो रहा है जिसमें सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही कई यात्री बसों में प्राथमिक उपचार कीट भी मौजूद नहीं है। इस के अलावा तरह के कई खामियों के साथ जिले में यात्री बसों का संचालन बेखौफ हो रहा है, ऐसी स्थिति में कोरिया जिले में संचालित बसों की जांच भी की जानी जरूरी है।

गहरी खाई में गिरा वाहन, 7 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



- चिरमिरी के बड़ा बाजार इलाके में हादसा

जिले के चिरमिरी के बड़ा बाजार इलाके में जाइलो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया, इस हादसे में गाड़ी में सवार 7 लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल चिरमिरी में भर्ती कराया गया।

इस सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को तुरंत सक्रिय होने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा है कि अस्पताल में भर्ती सभी घायलों को बिना किसी देरी के हर जरूरी मेडिकल सुविधा दी जाए उन्होंने डॉक्टरों को हिदायत दी है कि घायलों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और उन्हें बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए। घायलों में त्रिनाथ, उम्र 26 वर्ष, निवासी गोदरी पारा, सूरज, उम्र 33 वर्ष, निवासी गोदरी पारा, कांधो, उम्र 60 वर्ष, निवासी ओडिशा, प्रभागनी, उम्र 37 वर्ष, निवासी गोदरी पारा, युधिष्ठिर, उम्र 45 वर्ष, निवासी गोदरी पारा, आकाश, उम्र 26 वर्ष, निवासी गोदरी पारा, बाहुनी, उम्र 50 वर्ष, निवासी गोदरी पारा शामिल हैं। बड़ा बाजार क्षेत्र में जाइलो वाहन किस परिस्थिति में खाई में गिरा इसकी विस्तृत जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

शरद पूर्णिमा आज, घरों में बनेगा खीर का प्रसाद

बैकुण्ठपुर। आज शरद पूर्णिमा अश्विनी नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धी एवं रवि योग के शुभ संयोग के साथ धार्मिक रीति रिवाज के साथ मनाया जाएगा। सनातन धर्म मे शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। धर्मशास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा अपनी सोलक कलाओं से परिपूर्ण होती है इसके चलते चंद्रमा की आभा तेज रहती है। इस दिन की रात्रि में स्वच्छ चंद्रमा से अमृतम बरसता है इसके चलते इस दिन कई लोग रात्रि में खीर बनाकर कुछ घंटों के लिए चंद्र प्रकाश के नीचे रखते है। मान्यता है चांदनी रात में रखा खीर में चंद्रमा की अमृत खीर को औषधीयुक्त बना देता है। ऐसे खीर का सेवन करने से श्वास संबंधी बीमारियों में राहत मिलती हैं। इसी मान्यता को लेकर आयुर्वेद विभाग द्वारा शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर बनाकर अन्य औषधियों को मिलाकर चंद्र प्रकाश के नीचे रखता है जिसे दमा एवं श्वास संबंधी बीमारियों से ग्रसित रोगियों को उपचार किया जाता है वही धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ रात किया था इसके कारण इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की टीम रही उपविजेता

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अंबिकापुर के अंतर्गत सूरजपुर सेक्टर की परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के वॉलीबॉल मैदान में किया गया।

प्रतियोगिता में मेजबान रामानुज महाविद्यालय बैकुंठपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मो. इम्तियाज अली के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने की। शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी टीम मैनेजरों एवं प्रशिक्षकों का तिलक लगाकर तथा बैज पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. हिमधर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और विजेता बनकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करें। प्रतियोगिता में चार महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीम मैनेजरों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में लीग मैचों का फिक्स्चर तैयार किया गया। ⏭ शेष पेज 2 पर

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 12 चयनित

प्रतियोगिता में सीमित संख्या में महाविद्यालयों की टीमों की भागीदारी के कारण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन उनके खेल प्रदर्शन और ट्रायल के आधार पर किया गया। चयनित 12 खिलाड़ियों में शासकीय रामानुज महाविद्यालय बैकुंठपुर से प्रतिभा राजवाड़े, महिमा, अभिलाषा, निशा, खुशबू राजवाड़े एवं शीलम शामिल हैं। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर से लक्ष्मी, मीना एवं नीलम, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर से सुरेश्वरी, शासकीय नवीन महाविद्यालय बिश्रामपुर से जवारो तथा शासकीय महाविद्यालय डुमरिया से शीतल सिंह का चयन किया गया।



गोयनी में बच्चों संग दोना-पत्तल में कलेक्टर ने किया भोजन

सुदूर वनांचल में छठवीं की पिंकी ने सुनाया 30 का पहाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- मध्यान्ह भोजन की शिकायत पर जांच के निर्देश

जिले के सोनहत विकासखंड के दूरस्थ गांवों के दौरे पर पहुंचीं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विद्यार्थियों से संवाद किया और शिक्षकों को बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी याद दिलाई। धनपुर में कक्षा छठवीं की छात्रा पिंकी ने 30 का पहाड़ा सुनाया, तो गोयनी में कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर दोना-पत्तल में भोजन किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा है और उनके अपने सपने हैं। सही मार्गदर्शन मिलने पर वे परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। दौरे के दौरान गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की संचालक सुश्री श्वेता कम्बोज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। धनपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में कलेक्टर ने प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके सीखने के स्तर को जाना। सवाल-जवाब के दौरान छठवीं की छात्रा पिंकी ने 30 का पहाड़ा सुनाया। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे केवल नौकरी नहीं कर रहे हैं, बल्कि देश के बेहतर भविष्य के निर्माण का दायित्व निभा रहे हैं। बच्चों को गंभीरता से पढ़ाएं, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग दें। कुछ बच्चों के फटे गणवेश देखकर कलेक्टर ने शिक्षकों से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के प्रति दोस्ताना व्यवहार रखने और प्रत्येक शनिवार सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल-जवाब कराने को कहा, ताकि विद्यार्थियों का ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़े तथा उनका संकोच दूर हो।

⏭ शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप

तेज रफ्तार ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर

बिश्रामपुर। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर अपने गांव लौट रहा पटेल परिवार लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गया,तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक्सयूवी कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,वहीं कार में सवार कई लोगों को चोटें आईं हैं। घायलों का अम्बिकापुर और बिलासपुर के अस्पतालों में उपचार जारी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक रिश्तेदार को सिम्स से रेफर किए जाने के बाद अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिपरदा निवासी प्रार्थी नरोत्तम प्रसाद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनके बड़े भाई रामेश्वर प्रसाद पटेल परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ 20 अक्टूबर को अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गए हुए थे। धार्मिक कार्य संपन्न करने के बाद सभी 21 अक्टूबर को एक्सयूवी कार क्रमांक सीजी 11 बीटी 4871 से अपने गांव लौट रहे थे। तभी रात करीब 11 बजे उनकी कार को कल्याणपुर के पास सामने से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीवाई 5199 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट के अनुसार हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए अम्बिकापुर के लाइफलाइन अस्पताल ले जाया गया। वहीं, रिश्तेदार जितेंद्र पटेल को गंभीर चोटें आने के कारण बिलासपुर स्थित सिम्स ले जाया गया और वहां से रेफर किए जाने के बाद उन्हें अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के समय कार में रामेश्वर प्रसाद पटेल के अलावा 12 वर्षीय सौरभ पटेल, रूपलाल पटेल, जितेंद्र पटेल और चालक सागर पटेल सवार थे। सूचना पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कैथा में महिला की हत्या से सनसनी, पड़ोसी पर आरोप

हसौद। थाना क्षेत्र के कैथा गांव में गुरुवार रात एक 45 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के ही पड़ोसी रंजीत धनवार पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। हसौद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार घटना गुरूवार 22 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे की है। आरोपी रंजीत धनवार महिला के घर पहुंचा और विवाद करने लगा। उस समय घर में महिला की दो नाबालिग नातिनें मौजूद थीं, जो डर के कारण घर से बाहर निकल गईं। आरोप है कि इसके बाद महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से करीब 50 मीटर दूर खेत के पास ले जाया गया और पेट, हाथ, कमर सहित शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के चार बेटे रबी, सोमनाथ, विशाल और कुरु हैं। पति सहित परिवार के अन्य सदस्य रोजगार के लिए बाहर गए हैं। महिला अपने छोटे बेटे कुरु और दो नातिनों के साथ रह रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि रात में चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो महिला खून से लथपथ पड़ी थी।



दूरस्थ वनांचल गांवों में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की बात

तेंदू पेड़ की छांव में लगी चौपाल

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के सोनहत विकासखंड के दूरस्थ गांवों रामगढ़, धनपुर, नटवाही, आनंदपुर और गोयनी में प्रशासन सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहीं तेंदू के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई, तो कहीं गांव में प्रवेश करते ही वाहन रुकवाकर राहगीरों से राशन, पानी और बिजली की स्थिति पूछी। नटवाही, धनपुर और गोयनी में ग्रामीणों ने आवागमन और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अपनी जरूरतें रखीं। सुबह आठ बजे से शुरू हुए दौरे में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की संचालक सुश्री श्वेता कम्बोज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि कार्यालयों में योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार होती है, लेकिन उनका लाभ लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसकी वास्तविक जानकारी मैदानी स्तर पर मिलती है। इसी उद्देश्य से अधिकारी दूरस्थ गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं। ग्राम नटवाही में कलेक्टर ने तेंदू पेड़ के नीचे ग्रामीणों के साथ उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने नटवाही और गोपद के बीच सड़क तथा पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई। इस पर कलेक्टर ने वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को आपसी समन्वय से ग्रामीणों की जरूरत के अनुरूप कार्ययोजना बनाने को कहा। धनपुर पहुंचते ही कलेक्टर ने वाहन रुकवाया और राहगीरों से बातचीत शुरू की। उन्होंने राशन की उपलब्धता, पेयजल आपूर्ति और सोलर बिजली व्यवस्था के बारे में पूछा। ग्रामीण जय सिंह और फूलसिंह शुरूआत में अपनी बात रखने में संकोच कर रहे थे। सहज बातचीत के बाद उन्होंने गांव की स्थिति और जरूरतों से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी जानकारी ली और ग्रामीणों से अपनी समस्याएं खुलकर बताने को कहा।

सड़क, पुल-पुलिया, पानी और बिजली की जरूरतों पर दिए निर्देश



19 घरों तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत

धनपुर में ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी से मौके पर वस्तुस्थिति पूछी। बताया गया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण जलापूर्ति में परेशानी हो रही है। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 19 घरों तक पाइपलाइन से पानी नहीं पहुंच रहा है। विभागीय अधिकारी ने इन घरों तक भी जल्द पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान गांव की श्रीमती सुक्रिया ने बताया कि पहले उन्हें नदी से पानी लाना पड़ता था, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब घर मे ही नल से पानी मिलने लगा है। जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम गोयनी में कलेक्टर ने ग्रामीणों से सड़क, पुल-पुलिया और बिजली सहित अन्य जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया और घरों तक बिजली पहुंचाने तथा आवागमन की सुविधाएं बेहतर बनाने के विषय में चर्चा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की मांगों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनपद पंचायत में बाल संरक्षण पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभागार में सरपंच, उपसरपंच, पांच एवं पंचायती पदाधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यशाला जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्ना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर पूर्ण विराम लगाने और बाल संरक्षण प्रणालियों को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका तय करना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन' परियोजना के तहत संचालित संस्था 'हार्ड' एवं 'चाइल्ड लाइन बैकुंठपुर' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बैकुंठपुर विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंच और सचिवों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यशाला में जिला समन्वयक गोकरण शुक्ला एवं चाइल्ड लाइन की परियोजना समन्वयक श्रीमती कविता मंडल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को 'ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के गठन और पुनर्गठन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया। मास्टर ट्रेनर्स ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण स्तर पर बच्चों के संरक्षण के लिए इस समिति का स्वरूप बेहद संतुलित और जवाबदेह होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला में उपस्थित सभी सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं अन्य पदाधिकारी सदस्यों ने अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का शपथ लिया कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस कार्यशाला को बेहद ज्ञानवर्धक और प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने और प्रशासनिक समन्वय बनाने में कार्यशाला संवयक पंचायत सचिव साबिर खान एवं पंचाय सचिव शिव लाल राजवाड़े , पंचायत सचिव आसिफ रजा सहित अन्य पंचायत सचिवों की भूमिका सराहनीय रही।

कूटरचित दस्तावेजों से शासकीय भूमि को बेचा, आजाद इराकी समेत पांच के खिलाफ अपराध करने के निर्देश

अम्बिकापुर। जिला प्रशासन ने एक बार फिर से शासकीय भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निजी व्यक्ति के नाम बेचने के मामले में कार्रवाई की है। कलेक्टर सरगुजा ने तहसील मैनपाट के ग्राम केसरा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1378 रकबा 3.46 हेक्टेयर से संबंधित मामले में तहसीलदार मैनपाट के जांच प्रतिवेदन के आधार पर आजाद इराकी सहित कुल 5 व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कराने के निर्देश तहसीलदार मैनपाट को दिए हैं।

- कलेक्टर ने जांच के बाद दिए कार्रवाई के निर्देश

बताया जा रहा है कि ग्राम केसरा तहसील मैनपाट स्थित शासकीय भूमि रिनम्बरिंग खसरा नम्बर 1378 रकबा 3.46 हेक्टेयर को राजस्व अभिलेख में कुटरचना कर अवैध रूप से निजी व्यक्ति के नाम दर्ज करा लिया गया है तथा उक्त भूमि को किसी अन्य निजी व्यक्ति के पास रजिस्ट्री कर दिया गया है। शिकायत प्राप्त होने के पश्चात शिकायत को समय सीमा में दर्ज कर तहसीलदार मैनपाट से जांच प्रतिवेदन मंगवाया गया। जांच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट है कि 1954-55 के अधिकार अभिलेख का अंतिम खसरा नम्बर 650 है। अतः अधिकार अभिलेख में खसरा नम्बर 1378 की प्रविष्टि नहीं हो सकती। खसरा नम्बर 1378 रिनम्बरिंग खसरा नम्बर है, जो पहली बार 1995-96 में राजस्व दस्तावेजों में आया है। अतः प्रकरण से स्पष्ट है कि 1954-55 के अधिकार अभिलेख में खसरा नम्बर 1378 की प्रविष्टि बाद में कूट रचना कर विजय सिंह आ.चन्द्रचरण सिंह के नाम पर की गई। जिस भूमि को विजय सिंह आ. चन्द्रचरण सिंह के मुख्तार आम दिलीप चिकवा आ. रामप्रसाद चिरवा तथा तुलेश्वर गुप्ता आ.गणेश गुप्ता द्वारा आजाद इराकी आ.रियाजुददीन इराकी, अनुपम कुमार सिंह आ. रामा शंकर सिंह को रजिस्ट्री किया गया। बंदोबस्त वर्ष 1995-96 में भी खसरा नम्बर 1378 शासकीय भूमि के रूप में छोटे झाड़ जंगल मद में ही दर्ज है। इससे भी यह स्पष्ट है कि 1954-55 के अधिकार अभिलेख में निजी भूमि के रूप में खसरा नम्बर 1378 की प्रविष्टि कूट रचना कर की गई है।सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार किसी भी तरह की वन भूमि का हस्तांतरण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ही हो सकता है। अतएव उपरोक्त प्रकरण में जयनगर निवासी आजाद इराकी आ. रियाजुद्दीन इराकी सहित कुल 5 क्रेता और विक्रेताओं के विरुद्ध तहसीलदार मैनपाट को प्राथमिकी दर्ज कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

एसपी ने जनरल परेड का किया निरीक्षण आपदा प्रबंधन के संबंध में मॉक ड्रिल

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा पुलिस बल के अनुशासन, टर्नआउट, शारीरिक दक्षता एवं परेड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए।

जनरल परेड के उपरांत आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा की स्थिति में पुलिस बल की प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी समन्वय एवं उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रखना, कार्यक्षमता में वृद्धि करना तथा आपदा के समय जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक प्रमोद किसपोट्टा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन, प्रशिक्षु सूबेदार ज्योति साहू के साथ पुलिस और नगर सेना के काफ़ी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



खरवत तालाब साफ-सफाई के इंतजार में....



बैकुण्ठपुर। जिले के खरवत चौक स्थित प्राचीन एवं बड़े तालाब को इन दिनों कमल एवं अन्य जलीय शैवाल अपनी आगोश में ले लिए है। इस तालाब की साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण जलीय पौधे पूरे तालाब को ढंक दिया।

रुपए नहीं देने पर युवक पर हमला, 4 के खिलाफ अपराध दर्ज

चांपा। नगर के हनुमान धारा जाने वाले रोड पर सद्दू चौक में चार युवकों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी जिससे घायल युवक अपनी जान बचाकर चांपा थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया गया घटना को लेकर चांपा पुलिस जांच में जुट गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रमन कंसारी गुरूवार 22 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे कॉलेज रोड स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवा कर वापस अपने घर जा रहा था जहां बीच रास्ते में मान्य भवन के समीप सद्दू चौक में चार युवक संगम यादव, सोमेश यादव, मिनी यादव एवं परमेश्वर रजक ने मिलकर अपने भाई को पैसे नहीं देने की बात पर बेल्ट से मारा। वही परमेश्वर रजक ने रोड के पास रखे पत्थर से जान से मारने की नीयत से पत्थर से रमन कंसारी के ऊपर हमला कर दिया। रमन कंसारी अपने आप को बचाते हुए अपने दोस्त के पास पहुंचा अपने परिवार वालों को जानकारी दी। घटना की जानकारी देते हुए अपराध पंजीबद कराया गया। तत्काल पुलिस एक्शन में आते हुए आरोपियों की पताशाजी में जुट गई हैं। आरोपियों द्वारा बेल्ट और पत्थर से मारने से पीड़ित के हाथ पर पीठ सहित अन्य जगहों पर चोटें आई है जिसका उपचार जारी है। बहरहाल घटना को लेकर चांपा पुलिस जांच में जुट गई है।

चार दिवसीय राज्य स्तरीय

शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का आगाज सांसद ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

शुक्रवार से सरगुजा में 26 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज हुआ। 4 दिनों तक चलने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन में सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने, निरंतर अभ्यास करने तथा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। खेलों के जरिए राष्ट्रीय एकता की भावना भी मजबूत होती है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों से जोड़ते हुए अपने शहर और गांवो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर और आसपास के क्षेत्रों से होती है। विद्यार्थियों को अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के साथ दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, लगन और मेहनत के साथ बेहतर प्रदर्शन करने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण और अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी प्रतिभा निखारने, खेल संस्कृति को समृद्ध बनाने और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की।

बच्चों को श्रीराम के आदर्शों पर चलने की दी गई प्रेरणा

शासकीय माशा नागपुर में कबाड़ से बनाया रावण

हरिभूमि न्यूज. नागपुर

जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के संकुल केंद्र नागपुर अंतर्गत विजयादशमी पर्व के महत्व एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों की जानकारी देने के उद्देश्य से शासकीय माध्यमिक शाला नागपुर में बैगलेस डे के अंतर्गत विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा का उपयोग करते हुए रावण का आकर्षक मॉडल तैयार किया। साथ ही एक विद्यार्थी को भगवान श्रीराम के रूप में सजाया गया, जिसने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। उपस्थित वरिष्ठजनों ने विद्यार्थियों को विजयादशमी पर्व के धार्मिक एवं नैतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सत्य, धर्म, मर्यादा, सदाचार और बड़ों के सम्मान के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की जानकारी देने के साथ-साथ रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और अनुपयोगी वस्तुओं के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक जमुना प्रसाद पांडेय, संजय राय, महेश साहू, मनोज शुक्ला एवं संकुल अकादमिक समन्वयक दुर्गा प्रसाद जायसवाल उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानपाठक बीरेंद्र प्रसाद पांडेय सहित सक्रीय शिक्षक कौशल प्रसाद पटेल, साकेत शुक्ला, अमलन तिर्की, पूनम सोनी, संगीता साहू, ममता सिंह एवं साकेत शुक्ला ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



